भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 797

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय आयुष मिशन

797. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार राष्ट्रीय आयुष मिशन का कार्यान्वयन किस प्रकार क्रियान्वित कर रही है;

(ख) राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत बिहार में स्थापित आयुष अस्पतालों की कुल संख्या कितनी है तथा कितने नए आयुष विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने हैं;

(ग) दरभंगा में प्रस्तावित आयुष अस्पताल में अब तक हुई प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार देश के अन्य भागों में भी नए आयुष विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो बिहार के दरभंगा जिले सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को क्रियान्वित कर रहा है तथा एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त उनके प्रस्तावों के निमित्त विभिन्न गतिविधियों के तहत देश में आयुष पद्धति के विकास और संवर्धन के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

(ख) से (ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, राज्यों में, बिहार सहित आयुष अस्पतालों और आयुष विश्वविद्यालयों की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है और तदनुसार वे एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार एसएएपी के माध्यम से उपयुक्त प्रस्तावों को प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जहां तक आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने का प्रश्न है, एनएएम दिशा-निर्देशों के अंतर्गत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

इसके अतिरिक्त, एसएएपी के माध्यम से बिहार सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने पटना, दरभंगा, खगड़िया और गोपालगंज जिलों में 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की 4 इकाइयों को सहयोग प्रदान किया है। राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, दरभंगा स्थित 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) को एक पत्र जारी किया गया है।

*****